साथियों,

नमस्कार, जय भीम।

जैसा कि समाज के सभी लोगों को पता है कि समाज सहयोगी संस्था (रजि), जयपुर लगातर तीन वर्ष से समाज के भामाशाहों के सहयोग से समाज के मेधावी-निर्धन छात्र - छात्राओं को नकद छात्रवृति प्रदान कर रही है। इसी क्रम मे दिनांक 15-09-2024( रविवार ) प्रातः 11-00 से रामेश्वरम् गार्डन रोड़ नम्बर 12, सीकर रोड़, जयपुर, में छात्रवृति वितरण समारोह -2024 आयोजित किया जा रहा है। जिसमे समाज के मेधावी -निर्धन छात्र - छात्राओ को नकद छात्रवृति, मेमेन्टो तथा प्रमाण -पत्र प्रदान कर समाज के गौरव शाली, होनहार बच्चों को सम्मानित किया जायेगा। अत: समाज के सभी बन्धुओ से निवेदन है कि समारोह में अधिक से अधिक पधार कर हमारे समाज के बच्चों का सम्मान कर, गौरव बढाये, बच्चो को प्रोत्साहित करे। आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है। समारोह को सफल बनाये। धन्यवाद।

महासचिव,

एड गिरधारी लाल चौहान,

समाज सहयोगी संस्था (राज)जयपुर।

आज दिनांक 04-08-2024 (रविवार) को कार्यकारिणी एवं संचालक मंडल की बैठक छात्रवृत्ति वितरण समारोह के संदर्भ में, श्री भँवर लाल जी बुनकर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यकारिणी सदस्यओ एवं सम्मानित संचालक मंडल के सदस्यो ने सर्व सम्मति से निम्न प्रस्ताव पारित किये-------

(1) आज की बैठक मे कक्षा सेकेंडरी,सीनियर सेकेंडरी के छात्रों को छात्रवृत्ति वितरण करने के संदर्भ में रखी गई, बैठक में छात्रवृत्ति वितरण समारोह सितंबर माह के तीसरे सप्ताह मे आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया। समारोह दिनांक 15 सितंबर, 2024 (रविवार) को करने प्रस्ताव पर सभी ने सहमति व्यक्त की ।

(2) छात्रवृत्ति की अंतिम तारीख तक सेकण्डरी परीक्षा के 18 आवेदन एवं सीनियर सेकण्डरी परीक्षा के 51आवेदन पत्र प्राप्त हुए,मेधावी एवं संस्था की आवश्यक बैठक की सूचना समस्त कार्यकारिणी सदस्य एवं सम्मानित संचालक मंडल सदस्यो को सूचित हो कि समाज सहयोगी संस्था"जयपुर की कार्यकारिणी एवं संचालक मण्डल की बैठक दिनाँक 01 सितम्बर -,2024 ( रविवार) को रखी गयी है बैठक 153B साकेत कालोनी विजय बाड़ी, पथ नं 7 सीकर रोङ, जयपुर पर 11-00 PM बजे रखी गयी है,सभी सम्मानित संचालक मंडल सदस्यो एवं कार्यकारिणी सदस्यो विनम्र निवेदन है कि बैठक में समय पर पधारे। बैठक का एजेन्डा निम्न प्रकार से है-

(1) संस्था द्वारा प्रदान की जा रही नकद छात्रवृति के आवेदन पत्रों को स्वीकृति प्रदान करना।

(2) मेधावी निर्धन छात्रवृति वितरण समारोह 2024(रविवार), 15-09-2024 की होना तय है लेकिन प्राचार प्रसार नहीं हो रहा है समारोह की तैयारियो की समीक्षा करना।

(3) समारोह हेतु कमेटियi...

Adv Girdhari Lal Chouhan: समाज सहयोगी संस्था(रजि) जयपुर

आज दिनांक 01-09-2024 (रविवार) को कार्यकारिणी एवं संचालक मंडल की बैठक छात्रवृत्ति वितरण समारोह 2024 की तैयारियो के संदर्भ में, श्री भँवर लाल जी बुनकर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यकारिणी सदस्यओ एवं सम्मानित संचालक मंडल के सदस्यो ने सर्व सम्मति से निम्न प्रस्ताव पारित किये-------

(1) आज की बैठक में छात्रवृत्ति वितरण समारोह-24दिनांक 15-09-2024 (रविवार) को आयोजितहोगा। आयोजन स्थल के लिये रामेश्यवरम गार्डन सीकर रोड़ रोड़ नम्बर 12 जयपुर के लिये सहमति दी।समारोह में आये छात्र छात्राओ और मेहमानो के लिये भोजन की व्यवस्था करने का निर्णय किया गया ।

(2) छात्रवृत्ति की अंतिम तारीख तक सेकण्डरी परीक्षा के 19 आवेदन एवं सीनियर सेकण्डरी परीक्षा के 51आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। आवेदन पत्रों में से प्राप्तांको की वरिष्ठता के आधार पर प्रत्येक कक्षा के 15-15 छात्र- छात्राओं को नकद छात्रवृत्ति, मेमेन्टो एवं प्रमाण पत्र , "छात्रवृत्ति वितरण समारोह 2024" में प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की गयी । तथा शेष मेधावी छात्र-छात्राओं जिनके आवेदन सत्यापित और .स्वीकृत हो गये है उन्हें केवल मेमेन्टो और प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित करने का प्रस्ताव पारित किया।

(3) संस्था सदस्य बनाने का निर्णय किया गया जिसके लिये संस्था विघान में संशोधन का प्रस्ताव किया गया, बलाई समाज का कोई भी व्यक्ति जो संस्था विधान के अनुसार सदस्य बनने की योग्यता रखता है वह नियत शुल्क जमा करवा कर संस्था का आजीवन तथा संरक्षक सदस्य बन सकता है, सदस्यता के आवेदन संस्था अध्यक्ष और महा सचिव द्वारा स्वीकार किये जायेंगे। अंतिम निर्णय कार्यकारिणी का होगा। दोनों प्रकार के सदस्यों के अधिकार संस्था में समान ही होंगे।निम्न दो प्रकार के सदस्य होंगे। निर्णय सर्वसम्मति से किया गया---

(क) आजीवन सदस्य(Life time)- समाज का कोई भी व्यकि को एक बार, एक मुस्त ₹1100/-का शुल्क संस्था को जमा करवाना होगा।आजीवन सदस्य ( Life Time Member) होगा।

(ख) संरक्षक सदस्य- बलाई समाज का कोई भी व्यक्ति संस्था को 5100/- रुपये सदस्यता शुल्क जमा करवा कर "समाज सहयोगी संस्था" का संरक्षक सदस्य बन सकता है ।

(4) छात्रवृत्ति वितरण समारोह -24 में समाज के अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने के लिये प्रोत्साहित,प्रेरित करने का निर्णय किया गया। सभी सक्रिय सदस्य आर्थिक सहयोग के लिये समाज के लोगों को प्रेरित करेंगे

(5) समारोह के सफल संचालन के लिए समितियां के गठन पर चर्चा हुई और समितियां बनाने का निर्णय किया।

आज की बैठक में श्री गुरुचरण राय आईपीएस रिटायर्ड, श्री आर के बुनकर आर ए एस रिटायर्ड, श्री भंवरलाल बुनकर सेवानिवृत्ति मुख्य प्रबंधक,श्रीअशोक सामरिया अध्यक्ष संयुक्त कर्मचारी महासंघ (राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ),श्री प्रभु दयाल बेसरवाडिया, श्री अशोक कुमार डोई, श्री देवी सहाय डूँढलोदिया, श्री जगदीश प्रसाद न नारनोलिया एक्स जेसीओ एवं एड. गिरधारी लाल चौहान बैठक में उपस्थित रहे।

उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास किये और समाज के सभी साथियों से निवेदन किया कि छात्रवृत्ति वितरण समारोह में अधिक से अधिक पधार कर समाज की प्रतिभाओं का सम्मान करें, उत्साह वर्धन करें ।धन्यवाद।

गिरधारी लाल चौहान

महासचिव

"समाज सहयोगी संस्था (रजि)जयपुर. जय भीम-----------जय भारत